नासा के स्पेस फ्लाइट प्रोग्राम में महिला चीफ
देखें Front Page 2 जाएं पेज 12

NBT
नवभारत टाइम्स
रोहित बोले- वर्ल्ड कप भी हो और आईपीएल भी
p11

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) सोमवार, 15 जून 2020 ज्येष्ठ 25 शक संवत 1942 आषाढ़ कृष्ण दशमी विक्रम संवत 2077 www.nbt.in पेज 12 मूल्य सिर्फ 3.00 रु. facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.2 no 162

एसएमएस लखनऊ का नाम तीसरी बार लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड में

एनबीटी, लखनऊः स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस (एसएमएस), लखनऊ को लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड में तीसरी बार जगह मिली है। ग्लोबल-वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की वजह से यह उपलब्धि मिली है। एसएमएस देश का पहला ऐसा तकनीकी संस्थान बन गया है, जिसने लगातार तीसरी बार लिम्का बुक ऑफ रेकॉर्ड में जगह बनाई है।

स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस ने चार माह में 28 जिलों के 45000 लोगों को ग्लोबल वॉर्मिंग पर जागरूक किया है। एसएमएस के सचिव और कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने संस्थान में आयोजित एक समारोह में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसएमएस ने वर्ष 2012 में ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रति

ग्लोबल-वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की वजह से मिली उपलब्धि

लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया था, जो अब तक चल रहा है। एसएमएस के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह की ग्लोबल-वॉर्मिंग-कारण, प्रभाव और निवारण पर वर्ष 2015 में पुस्तक भी प्रकाशित हो चुकी है। समारोह में एसएमएस के निदेशक डॉ. मनोज मेहरोत्रा, महानिदेशक(तकनीकी) डॉ. भरत राज सिंह, मुख्य महाप्रंधक डॉ. जगदीश सिंह, डीन डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक सुरेन्द्र श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. पीके सिंह, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, अपर-महाप्रबन्धक प्रवीन सिंह आदि मौजूद रहे।